आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 25.09.2024** **समय : 07.10pm**

**मुख्य समाचार :–**

- **न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी के लिए प्रदेश में किसानों का पंजीयन हुआ शुरू।**
- **मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश ने ली शपथ,राजभवन में हुआ समारोह।**
- **स्वच्छता ही सेवा और आयुष्मान पखवाड़ा के तहत प्रदेश में कार्यक्रमों का सिलसिला जारी।**
- **नर्मदापुरम, अलीराजपुर, मंडला और छिन्दवाड़ा जिलों के लिए मौसम विभाग ने भारी बारिश का जारी किया आरेंज अलर्ट।**

सोयाबीन खरीदी

प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की खरीदी के लिए आज से पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है जो 20 अक्टूबर तक चलेगी। 25 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2024 तक राज्यभर में खरीदी प्रक्रिया चलेगी। यह खरीदी राज्य के विभिन्न जिलों में स्थापित किए गए केंद्रों पर होगी, जहां नेफेड और एनसीसीएफ जैसी केंद्रीय संस्थाएं मार्कफेड के माध्यम से खरीदारी करेंगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 में सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 4892 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। पंजीयन करवाने के लिए किसानों को कुछ जरूरी दस्तावेज रखने होंगे। इनमें आधार कार्ड और बैंक पासबुक शामिल हैं। इन दस्तावेजों के साथ, किसान नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) या एमपी ऑनलाइन सेंटर पर जाकर अपना पंजीयन करवा सकते हैं। **शिवपुरी जिले में 12 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गये हैं जहां किसान दस्तावेज दिखाकर पंजीयन करा सकते।**

राज्यपाल शपथ

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के 28वें मुख्य न्यायाधिपति की शपथ न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत को दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन राजभवन के सांदीपनि सभागार में किया गया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उपस्थित रहे। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने नव-नियुक्त मुख्य न्यायाधिपति को शपथ ग्रहण के बाद पुष्प-गुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने जबलपुर उच्च न्यायालय के नव-नियुक्त मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत के सम्मान में दोपहर भोज दिया।

पीएम-मेक इन इंडिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेक इन इंडिया पहल के दस वर्ष पूरे होने का स्वागत किया है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मेक इन इंडिया भारत को विनिर्माण और नवाचार

शक्ति केंद्र बनाने के एक सौ चालीस करोड भारतीयों के सामूहिक संकल्प का उदाहरण है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देश के सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही इस अभियान की शुरूआत करने और इसे गति देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हार्दिक अभिनन्दन किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि "देश को 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाते हुए वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के संकल्प की सिद्धि में निर्णायक सिद्ध हो रहे 'मेक इन इंडिया' अभियान की 10वीं वर्षगांठ पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने इन 10 वर्षों में अपने विजन 'मेक इन इंडिया- मेक फॉर द वर्ल्ड ' के संकल्प को साकार करके दुनिया को दिखाया है।

## सरकार 100 दिन/किसान, नरसिंहपुर

केंद्र में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरा होने पर नरसिंहपुर जिले की किसानों ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 2014 से जब से केंद्र में मोदी सरकार आई है तब से किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है और उनकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है। इसके साथ ही साथ पीएम आवास जैसी योजनाओं का लाभ भी किसानों को मिला है जिससे किसानों के जीवन स्तर में बदलाव आया है।

## पीएम आवास योजना

गरीबों को पक्का आवास दिलाने के लिए प्रदेश में पीएम आवास (ग्रामीण) योजना का विशेष योगदान है। आवास निर्माण करने में प्रदेश, देश के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों में से एक है। योजना में सभी बेघर परिवारों और कच्चे तथा जीर्ण-शीर्ण मकानों में रह रहे परिवारों को वर्ष 2024 तक बुनियादी सुविधायुक्त पक्का मकान उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश सरकार द्वारा अब तक 36 लाख 25 हजार आवासों का निर्माण किया जा चुका है। शौचालय, पेयजल, बिजली, स्वच्छ वातावरण का लाभ भी विभिन्न विभागों की हितग्राहीमूलक योजनाओं में दिया जा रहा है। योजना के तहत बालाघाट 1लाख 55 हजार 747 मकान बनाए गए हैं।

## आयुष्मान पखवाड़ा

आयुष्मान पखवाड़ा अंतर्गत देवास में जिला स्तर पर कार्यशाला का आयोजन जिला अस्पताल में आज किया गया। इसमें सभी कार्यक्रम अधिकारियों को मैदानी स्तर पर सर्वे कर पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिये। ब्लॉक स्तर पर आयुष्मान मेला एवं जांच शिविर आयोजन की जानकारी नागरिकों देने के निर्देश दिये। ग्राम और शहरी क्षेत्र में आयुष्मान का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाये एवं कार्यशाला में सभी को शपथ भी दिलाई गयी। आयुष्मान पखवाड़ा अंतर्गत जिले में निरन्तर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। स्कूलों में बच्चों को शालेय टीकाकरण कार्यक्रम में आयुष्मान योजना के बारे में बताया जा रहा है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी आयुष्यमान पखवाड़े के तहत कार्यक्रम जारी है।

स्वच्छता ही सेवा

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बैतुल जिले में कल 554 ग्राम पंचायतों के 1336 ग्रामों में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान श्रमदान कर ग्रामों में प्लास्टिक को एकत्रित किया। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। 2997 किलोग्राम प्लास्टिक एकत्रित किया गयाग़ पन्ना में आज पुलिस परेड मैदान में मानव श्रृंखला बनाकर स्वभाव स्वक्षता,संस्कार स्वक्षता का संदेश दिया गया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत छतरपुर जिले में भी जनजागरुकता के कार्यक्रम जारी है। खंडवा में इनर व्हील क्लब के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने शिक्षक नगर स्थित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन उद्यान में श्रमदान कर बगीचे की सफाई की और स्वच्छता की शपथ ली। आईटीआई खंडवा के छात्रों ने ट्रेंचिंग ग्राउंड का भ्रमण किया और कचरे के सही निपटान और पुनर्चक्रण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की । छात्रों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दिया।

धार करंट मृत्यु

धार जिले के रिंगनोद छात्रावास में दो छात्रों की करंट लगने से हुई मृत्यु को लेकर इंदौर संभागायुक्त दीपक सिंह ने छात्रावास अधीक्षक सहित जिले के सहायक आयुक्त को निलंबित कर दिया है। जिले के सरदारपुर विकासखंड में संचालित शासकीय अनुसूचित जनजाति सीनियर बालक छात्रावास रिंगनोद में आज 12 वी के दो छात्रों की करंट लगने से मृत्यु हो गई थी। प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने इस दुर्घटना पर गहन दु:ख व्यक्त कर शोक संतप्त परिजन के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुर्घटना पर शोक व्यक्त कर मृत बालकों के परिजन को 2-2 लाख रूपये की सहायता राशि मंजूर की है।

**मौसम**

मध्यप्रदेश में मानसून फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने बताया कि निम्न दाब क्षेत्र के असर से अगले तीन दिन तेज बारिश का दौर बना रहेगा। अगले 24 घंटों के लिए मौसम विभाग ने नर्मदापुरम, अलीराजपुर, छिन्दवाड़ा और मंडला जिलों के लिए अति भारी बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा इंदौर, भोपाल, जबलपुर, शहडासेल सहित 33 जिलों के लिए भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच प्रदेश में कई स्थानों पर बारिश जारी है। भोपाल, उज्जैन, सागर, इन्दौर, जबलपुर सहित शहडोल संभाग के जिलों में वर्षा दर्ज की गई है। अशोकनगर में आज दिन में तेज बारिश हुई। वहीं भोपाल में कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई।

**समाचार संक्षेप**

- आगरमालवा कलेक्टर ने आज जिले के सुसनेर विकासखण्ड के विभिन्न आंगनवाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए।

- संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर की इकाई द्वारा एनएसएस दिवस मनाया गया। निदेशक रमाकांत पांडेय द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का आरंभ हुआ। कार्यक्रम के पश्चात छात्रों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया ।
- नीमच जिले में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जावद द्वारा पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर दो प्रकरणों में मृतकों के परिवार को चार–चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई हैं।

---------------------------------------